बरेली, मंगलवार
15 अप्रैल, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 BOTTOM

**टूर्नामेंट** मानस स्थली को 7 विकेट से और एसआर ने डीपीएस को 41 रन से हराया

# सेक्रेड हार्ट्स ने मानस स्थली को और एसआर ने डीपीएस को हराया

**सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाज आरुष गुप्ता और एसआर इंटरनेशनल के बल्लेबाज शुभ बने मैन आफ द मैच**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (14 April):** एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और एसआर इंटरनेशनल ने जीत हासिल की. सेक्रेड हार्ट्स ने मानस स्थली को सात विकेट से और एसआर इंटरनेशनल ने डीपीएस को 41 रन से हराया. मानस स्थली के चार खिलाड़ियों को आउट करने वाले सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाज आरुष गुप्ता और डीपीएस के खिलाफ नाबाद 79 रन बनाने के साथ तीन विकेट लेने वाले एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार को मैन आफ द मैच चुना गया.




विनर्स टीम को मिला पुरस्कार.

## कप्तान ने जीता टॉस

सेक्रेड हार्ट्स के कप्तान अभिनव ने टास जीत कर मानस स्थली को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहली ही गेंद पर सारांश ने मानस स्थली के ओपनर बैट्समैन और कप्तान सत्यांश को क्लीन बोल्ड कर बड़ा झटका दिया. इसके बाद मानस स्थली की बल्लेबाजी पतझड़ की तरह बिखर गई और पूरी टीम 14.5 ओवर में 43 रन पर ही सिमट गई. जीत के लिए 43 रनों के लक्ष्य को सेक्रेड हार्ट्स की टीम ने आसानी से 7.2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया. इसमें कप्तान अभिनव ने 18 रन और हार्दिक जैन ने 10 रन बनाया. सेक्रेड हार्ट्स के गेंदबाज आरुष गुप्ता ने 3.5 ओवर में पांच रन देकर चार विकेट हासिल किए और मैन आफ द मैच बने.

## एसआर ने टॉस जीतकर की पहले बैटिंग

दूसरे मैच में एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. शुरुआती विकेट गिरने के बाद शुभ गंगवार ने दो छक्कों और नौ चौकों की मदद से 53 रनों पर नाबाद 79 रनों की कप्तानी पारी खेली जिसकी मदद से टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 145 रन का स्कोर बनाया. जवाब में डीपीएस की पूरी टीम 15 ओवर में 104 रन पर एसआर के गेंदबाजों के आगे नतमस्तक हो गई. एसआर के कप्तान शुभ गंगवार ने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी अगुवाई की और तीन विकेट हासिल किए. नाबाद 79 रन बनाने के साथ तीन विकेट लेने वाले एसआर इंटरनेशनल के कप्तान शुभ गंगवार मैन आफ द मैच बने.

## टूर्नामेंट में आज

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को पहला मैच सुबह आठ बजे जीके सिटी मांटेसरी स्कूल और मुकुंद इंटरनेशनल के बीच होगा. दूसरा मैच दोपहर बारह बजे जीआरएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल के बीच होगा.